
# चोरों ने एक ही रात में पांच दुकानों के ताले तोड़े

## डेढ लाख रूपये की नगदी व सोना चुरा ले गये

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर में शातिर नकाबपोश चोरों ने गुरूवार की रात को शहर में धमाचौकड़ी मचाते हुए एक के बाद एक पांच दुकानों के ताले व शट्टर तोड़ डेढ़ लाख रूपये की नगदी व 8 ग्राम सोना चुराया ।

- **सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई चोरी की वारदात**
- **पांच दुकानों के ताले टूटने के बावजूद गश्ती दल को भनक नहीं लगी**



दुकानों के ताले तोड़ने वाले नकाबपोश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए।

वारदातों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका पर्चा तैयार कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें नकाबपोश युवक सामने आये।

पुलिस की संवेदनहीनता एवं चरमराई रात्री गश्त व्यवस्था का फायदा उठाते हुए शातिर चोर चेहरे पर नकाब बांध कर बस स्टैण्ड के बाहर स्थित जय नोस्ती मां ट्रेडिंग कम्पनी की दुकान का शटर तोड़ दराज में रखे डेढ लाख रुपये की नगदी व सामान चुरा ले गये। सवेरे जाग होने पर टूटा हुआ शटर व शटर में फंसी लकडी की बल्ली देख पीड़ित दुकान मालिक अभिषेक जैन ने थाना पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस मौका पर्चा बना ही रही थी इसी दौरान ज्योति मार्केट से मिश्रीलाल एण्ड संस के कारखाने में चोरी की मिली सूचना पर सीसीटीवी खंगाले तो दो नकाबपोश युवक मध्यरात्री 12 बजे कटले की ओर से कारखाने पहुंच, लौहे के सरिये से ताला तोड़ने के दौरान गश्त कर रहे बाईक सवार पुलिसकर्मियों के आने पर दोनों युवक गली में दुबक गये। बाद में युवकों ने ताला तोड़ दराज में रखा 8 ग्राम सोना चुरा लिया।

इसी रात सदर बाजार में जगदीश सोनी व राजेश सोनी सहित आजाद चौक में द्वारका आगीवाल की दुकान के ताले तोड़ वारदात का प्रयास किया लेकिन जाग हो जाने पर विफल रहे। एक ही रात में पांच दुकानों के ताले टूटने के बावजूद गश्ती दल को कानों-कान भनक नहीं लगना पुलिस की संवेदनहीनता व रात्री गश्त के दावों की पोल तो खोल ही रहा है।

# एक तरफा प्यार में युवक ने की आत्महत्या

## उदयपुर में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**भीलवाडा, (निसं)।** शहर में अपराधियों के बढ ते हौसले और आमजन में दहशत का माहौल पुलिस के खत्म होते इकबाल की कहानी को बयां करता है। गत दिनों दिनदहाडे शहर में हुई गोलीबारी में एक युवक इब्राहिम की मौत हो गई थी उसके बावजूद अवैध हथियार रखने वालों पर पुलिस ने कोई शक्ति नहीं दिखाई। इसका नतीजा एक बार फिर उस वक्त देखने को मिला जब बीती रात शहर के सबसे बडे महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में ही एक युवक हैंड मेड पिस्टल से खुद को गोली मार अपनी जान दे दी।

सीओ सिटी नरेन्द्र दायमा ने बताया की मेघरास क्षेत्र का रहने वाले यश व्यास पिता सुरेश व्यास ने एमजी हॉस्पिटल परिसर में खुद को गोली मार ली। गोली सिर में लगने की वजह से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। एमजी अस्पताल परिसर में हैंड मेड पिस्तौल से किए गए फायर की आवाज सुनकर आसपास के लोग जब मौके की ओर दौडे तो खून से लथपथ एक युवक सडक पर पडा मिला, जिसे एमजी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार कर देर रात उसे उदयपुर रैफर कर दिया गया था। गोली




मृतक यश व्यास

चलने की सूचना के बाद एसपी आदर्श सिद्धू, सीओ सिटी दायमा और भीमगंज, कोतवाली, प्रताप नगर का जाब्ता मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से जांच पडताल शुरू की है। पुलिस को मौके से एक देशी पिस्टल, मोबाइल भी बरामद हुआ है। मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान एमजी हॉस्पिटल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर स्थिति साफ हो गई।

सीसीटीवी फुटेज में युवक खुद ही अपने आपको कनपटी पर बंदूक रखकर गोली मारते हुए दिखाई दे रहा है। गोली लगने के बाद उसके सडक पर गिरने की यह पूरी घटना कैमरे में कैद नजर आ रही है। ऐसे में यह साफ है कि युवक पर किसी ने हमला नहीं किया था उसने खुद आत्महत्या का प्रयास किया है। शुक्रवार सवेरे उदयपुर में इलाज के दौरान यश ने दम तोड दिया। वही खुद को गोली मारने वाले युवक यश ने अपने स्टेट्स पर कुछ पोस्ट शेयर की है जो की घटना के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें वह अपनी मां से माफी मांगता हुआ नजर आ रहा है। वायरल पोस्ट के जरिए यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्यार में विफल होने के कारण उसने यह कदम उठाया है हालांकि पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## युवक की मौत

**रावतभाटा, (निसं)।** रावतभाटा के चेतक मार्केट में बुद्ध विहार के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रॉला करीब एक दर्जन वाहनों को कुचलते हुए पलट गया। हादसे में भंवर लाल चारण की मौत हो गई। जबकि दो दर्जन से अधिक लोगो के घायल होने को सूचना मिली है। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय में इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के बुद्ध विहार के समीप घाटी से तेज गति से उतर रहा ट्रॉला अनियंत्रित होकर करीब एक दर्जन वाहनों को टक्कर मारता हुआ पलट गया।

# जोधपुर गैस सिलेंडर हादसे के बाद चेता रसद विभाग

## 15 घरेलू गैस सिलेंडर, 3 इलेक्ट्रिक मोटर व रिफलिंग का सामना जप्त किया



रसद विभाग की टीम ने बानसूर रोड पर गैस की अवैध रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

**कोटपूतली, (निसं)।** जोधपुर में हुई सिलेंडर ब्लास्ट घटना के मामले के बाद अब रसद विभाग चेतता नजर आ रहा है। शुक्रवार को रसद विभाग की टीम ने बानसूर रोड पर आबादी के बीच एक रिहायशी मकान में सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग के कारोबार पर छापेमार कार्रवाई की है। मौके पर मकान में छोटे-छोटे बच्चों के बीच सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा था। विभाग ने कार्रवाई के दौरान 15 घरेलू गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, इलेक्ट्रिक मोटर व पाइप सहित अन्य सामान जप्त किया है। रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी इंद्रपाल मीणा ने बताया कि यहां घरेलू

- **अवैध रिफिलिंग का कार्य कई सालों से जारी था**

गैस सिलेंडरों के जरिए वाहनों में अवैध रिफिलिंग का कार्य किए जाने की सूचना मिली थी। जिला रसद अधिकारी से मिले निर्देशों के आधार पर कार्रवाई करते हुए यहां अवैध रिफिलिंग में प्रयुक्त सामान व 15 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए हैं व अब नियमानुसार कार्यवाही जारी है।

बताया जा रहा है कि यहां अवैध रिफिलिंग का कार्य कई सालों से जारी था व साथ ही संबंधित ने इसके प्रचार-प्रसार के लिए मकान के बाहर छोटे बैनर व खंभों पर लगाए जाने वाले स्टीकर भी लगा रखे थे। यह भी बताया जा रहा है कि उक्त मकान अनिता चौधरी का है। जिसमें चौधरी एलपीजी गैस पम्प के नाम से कार्य किया जा रहा था। प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि जोधपुर में हुए गैस सिलेंडर कांड के बाद से विभाग सतर्क है और इस तरह की कार्रवाई कर रहा है। शादियों के सीजन को देखते हुए भी विभाग सतर्क है और जगह-जगह विभाग की छापेमारी जारी है। कार्रवाई के दौरान रसद विभाग से प्रवर्तन निरीक्षक रमेश, प्रवर्तन निरीक्षक मुकेश व प्रवर्तन निरीक्षक विमला व स्थानीय पुलिस थाने का जाब्ता भी मौजूद रहा।

## गलत टिप्पणी का मुद्दा उठाया

**भरतपुर, (निस)।** सोनी टीवी पर प्रसारित अहिल्याबाई सीरियल में भरतपुर संस्थापक महाराजा सूरजमल का गलत चित्रण करने का मुद्दा लोकसभा में भी गर्मा गया है। भरतपुर की सांसद रंजीता कोली ने शून्यकाल में मुद्दा उठाते हुए कहा कि अहिल्याबाई टीवी सीरियल में महाराजा सूरजमल का गलत चित्रण कर इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा कि टीवी सीरियल में इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा सामने नहीं आए। उन्होंने कहा कि टीवी सीरियल में भरतपुर संस्थापक महाराजा सूरजमल को कायर बताया गया है जबकि महाराजा सूरजमल ने लगभग 80 युद्ध लड़े थे और सभी युद्धों में विजयश्री हासिल की थी। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी पानीपत फिल्म में भरतपुर संस्थापक महाराजा सूरजमल को लेकर गलत तथ्य प्रस्तुत किए थे। उन्होंने कहा कि टीवी सीरियल में महाराजा सूरजमल का गलत चित्रण करने पर भरतपुर की जनता में भारी रोष व्याप्त है।

# हाईकोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज-रिकॉर्डिंग्स पत्रावली पर लेने के आदेश दिये

## तथ्यात्मक रिपोर्ट से 19 दिसम्बर को हाईकोर्ट को अवगत करवाने के आदेश

**जालोर, (कासं)।** विशिष्ट न्यायाधीश अजा – अजजा न्यायालय जालोर पीयुष चौधरी ने एक बाल अपचारी को मुकदमे में झूठा फंसाने व तीन व्यक्तियों को बिना किसी अपराध के हवालात में बंद रखने पर पर पुलिस कर्मियो के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था लेकिन अनुसंधान अधिकारी द्वारा अपने अधिनस्थ पुलिसकर्मीयों को बचाने का प्रयास करने पर तफ्तीश हाईकोर्ट ने बदल कर सिरोही एसपी को दी है। वही न्यायाधीश द्वारा प्रार्थना प्रस्तुत कर उक्त प्रकरण की सीसीटीवी फूटेज व फोन से ली गई रिकार्डिंग पत्रावली पर लेने का आग्रह किया, लेकिन उक्त फुटेज व रिकार्डिग पत्रावली पर नही लेने पर न्यायाधीश ने हाई कोर्ट जोधपुर में याचिका प्रस्तुत की। जिसके बाद हाई कोर्ट ने लोक अभियोजक को निर्देश दिये कि उक्त प्रकरण में सीसीटीवी फुटेज व रिकॉर्डिग को पत्रावली पर लिया जाये। तथा तथ्यात्मक रिपोर्ट से 19 दिसम्बर को हाईकोर्ट को अवगत करवाने के आदेश दिये।

न्यायाधीश पीयुष चौधरी ने 2 दिसम्बर 2021 को किशोर बोर्ड की न्यायाधीश अवकाश पर होने से लिंक अधिकरी के नाते सीजेएम जालोर के पद पर रहते हुए सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया गया। उस दौरान एक बाल अपचारी को मोटरसाइकिल बरामद करने के बाद भी चोरी के मामला में झुठा फंसाने का प्रयास किया गया। इस प्रकार सेवानिवृत एएआई बद्रीदान ने एएआई शाशिकला के साथ मिलकर पुलिस कर्मी उम्मेदाराम व दिनेश कुमार ने मिथ्या तथ्य गढने व एक बाल अपचारी को चोरी के मामले में झुठा फंसाने का प्रयास किया। वही थाने के लॉकअप में जाकर देखा तो तीन व्यक्ति अर्धनग्न अवस्था में बंद थे। पुछने पर एएसआई नरेन्द्र कुमार ने बताया कि उक्त तीनो व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जबकि लॉकअप में बंद तीनो व्यक्तियों की एसडीएम जालोर के समक्ष पेश कर जमानत पर रिहा करने के बाद भी बिना किसी अपराध के उन्हे लॉकअप में अर्धनग्न अवस्था में रखा गया। उक्त बात का पता तत्कालीन थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह को लगने पर उन्होने भी अपने पुलिसकर्मीयो को बचाने का प्रयास किया। उक्त शिकायत एसपी जालोर तक पहुंचने पर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने अपने पुलिसकर्मियो को बचाने के लिए अपने हिसाब से तथ्यो को तोड मरोडकर विभागीय कार्यवाही का नाटक कर अपने हिसाब से कानून से उपर समझकर दोषी पुलिसकर्मियो को मुख्य आरोपो से बिना किसी युक्तियुक्त कारण के क्लीन चीट दे दी। उन्होंने एक झुठी एवं मिथ्या रिपोर्ट बनाई जो निरीक्षण के दौरान एकदम विपरीत है। उक्त प्रकरण का अनुसंधान जालोर होने पर हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि उक्त प्रकरण की तफतीश सिरोही एसपी के अधीन की जाये। पुलिस द्वारा पुलिसकर्मीयो को बचाने का प्रयास करते हुए सीसीटीवी फुटेज व फोन की रिकॉर्डिग्स नही लेने पर न्यायाधीश चौधरी ने हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की। जिसके बाद हाईकोर्ट जोधपुर ने सीसीटीवी फुटेज व फोन रिकार्डिग्स पत्रावली पर लेने के आदेश दिये। तथा साथ ही तथ्यात्मक रिपोर्ट 19 दिसम्बर को प्रस्तुत करने के आदेश दिये।

# पुजारी दंपती को जलाने का मामला, आरोपी गिरफ्तार

**देवगढ़, (निसं)।** पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत दिनो देवगढ़ थाना क्षेत्र के हीरा की बस्सी क्षेत्र में पुजारी दंपत्ति को जलाने की हुई घटना के मामले में पीपली नगर वेर निवासी एक आरोपी दिनेश सिंह पिता पन्ना सिंह (23)को पीपली नगर वेर के जंगलों से डिटेन किया गया था।

जानकारी के अनुसार गत दिनों देवगढ़ थाना क्षेत्र के हीरा की बस्सी गांव में हाईवे के निकट बने मकान में मंदिर की जमीन के मामले में पुजारी दंपत्ति को पेट्रोल बम डालकर जलाने के मामले में देवगढ थाना अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम को गुरुवार सफलता मिली



देवगढ़ थाना पुलिस ने आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया।

जिसमें पीपली नगर वेर निवासी आरोपी दिनेश सिंह पिता पन्ना सिंह उम्र 23 वर्ष को पिपली नगर वेर के निकट जंगलों से डिटेन किया गया था। ज्ञात रहे कि पुजारी दंपत्ति को जलाने के मामले में अब तक 11 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं इस घटनाक्रम में पीड़ित पुजारी नवरत्न लाल की उदयपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो चुकी है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशन में उक्त मामले में कार्यवाही कर रहे जांच अधिकारी बेनी प्रसाद मीणा के निर्देशन में देवगढ़ कार्यवाहक थाना प्रभारी प्रताप सिंह के नेतृत्व में दिलीप सिंह हेड कांस्टेबल, शिव दर्शन सिंह, मदन सिंह, सुरेश कुमार, गुलजार सिंह, ज्वाला सिंह शेखावत सहित पुलिस जाब्ता ने कड़ी मशक्कत करके आरोपी को गिरफ्तार किया।

## पांच लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**भीलवाडा, (निसं)।** भारत जोडो यात्रा में शामिल होकर लौट रहे धुवाला के जीप चालक की सडक हादसे में हुई मौत के बाद चिरंजीवी योजना के तहत 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता परिजनों को उपलब्ध करवाई गई है। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि पिछले दिनों भारत जोडो यात्रा में शामिल होने के बाद लौट रहे जहाजपुर के धुवाला निवासी रामचन्द्र मीणा की जीप ट्रेलर भिड़ंत में मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों को चिरंजीवी योजना के तहत 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस गांव में सडक निर्माण की स्वीकृति भी दी गई है।



**सूरजगढ़ : उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने सूरजगढ़ पहुंच अपनी काक सास कमला देवी व परिवार जनों के हालचाल जाने। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. सुरेश धनखड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़ा नेतृत्व मिला है। गांव, गरीब किसान के लिए उन्होंने जो किया है वह समाजिक जीवन में रह रहे हर व्यक्ति के लिए उदहारण है।**

# नाबालिग के परिजन सौदेबाजी करते गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिले की संगरिया पुलिस ने नाबालिग से रेप की कोशिश मामले में आरोपी पक्ष से सौदेबाजी कर 1.60 लाख रूपए लेते 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ कर रही है। अब आरोपी पर पॉक्सो और नाबालिग के परिजनों पर ब्लैकमेलिंग का मामला चलेगा। पॉक्सो मामले में नाबालिग के 164 के बयान और मेडिकल करवा चुकी है। ऐसे में अब उसके परिजनों के ट्रैप होने का पॉक्सो मामले में कोई असर नहीं होगा। कानूनी जानकारों के मुताबिक मामले में नाबालिग के बयान महत्वपूर्ण होते हैं। हनुमानगढ़ पुलिस पॉक्सो मामले में 20 दिसम्बर तक कोर्ट में चार्जशीट पेश कर सकती हैं।

31 अक्टूबर 2022 को नाबालिग को साथ लेकर उसके पिता-माता ने संगरिया थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। मुकदमा दर्ज करवाते हुए नाबालिग के माता-पिता ने पुलिस को बताया था कि संगरिया निवासी रिश्ते में साढू उसके पड़ौस में रहता है। 31 अक्टूहर को उसकी साली का फोन आया कि वो किसी पारिवारिक काम से बाहर गई हुई है। उनके पति घर पर अकेले हैं तो उनको चाय भिजवा देना। मेरी दोनों नाबालिग बेटियां मेरे साढू के घर पर चाय देने गई। यहां मेरे साढू ने मेरी 10 साल की बेटी को सफाई के काम में लगा दिया और मेरी 7 साल की बेटी से अश्लील हरकतें कर रेप करने की कोशिश की थी। इसी आधार पर संगरिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

आरोपी के भाई ने एसपी अजय सिंह राठौड़ को नाबालिग के पिता की ओर से ब्लैकमेल किए जाने की शिकायत दी थी। उसने बताया था कि संगरिया निवासी एक व्यक्ति ने झूठे और काल्पनिक तथ्यों के आधार पर आईपीसी की धारा 354 और पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज करवाया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही नाबालिग के पिता, पत्नी, उसका भाई और चाचा पॉक्सो मामले में मेरे भाई को गिरफ्तार करवाने और सजा दिलवाने के नाम से धमका कर 8 लाख रूपए की डिमांड कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने उसी दिन तुरंत कार्रवाई करते हुए जीजा-साला को 1 लाख 60 हजार लेते हुए गिरफ्तार कर संगरिया पुलिस को सौंप दिया।

## वयोवृद्ध खाताधारक से बदसलूकी

**अजमेर, (कासं)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सीताराम बाजार शाखा के खाताधारक वरिष्ठतम नागरिक 82 वर्षीय ग्राहक को वहां तैनात गार्ड (चपरासी) ने धक्का देकर दुर्व्यवहार किया गया। इस मामले की शिकायत केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास व बैंक के जोनल ऑफिस में की गई।

एडवोकेट विकास अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को दिन में लगभग 3 बजे वे अपने पिता निहालचंद अग्रवाल के साथ स्थानीय केसर गंज स्थित यूनियन बैंक आफ इंडिया में उनकी बैंकिंग गतिविधियों के लिए गए तब वहां मौजूद बैंक गार्ड (चपरासी) ने उन्हें धक्का देकर व अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके दुर्व्यवहार किया, जिससे वयोवृद्ध निहालचंद अग्रवाल मानसिक रूप से बेहद आहत हुए, चूंकि वे हृदय रोग से भी ग्रसित हैं ऐसे में उनका गिर जाना उनके जीवन के साथ खिलवाड़ हो सकता था। इसके पश्चात जब शाखा प्रबंधक से इस बाबत शिकायत की तो मय स्टाफ के वे चपरासी के साथ मेरे वयोवृद्ध पिता को शाखा से धक्का देकर बाहर निकालने पर आमादा हो गए।

# न्यायिक कर्मचारियों का धरना जारी

## कर्मचारी सुभाष मेहरा की न्यायिक अधिकारियों के आवास पर हुई मौत की जांच के संबंध में चल रहा प्रदर्शन

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा झुंझुनूं के बैनर तले 30 नवंबर से चल रहा प्रदर्शन शुक्रवार को दसवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को धरने की अध्यक्षता न्यायिक कर्मचारी विशाल सिरोलिया द्वारा की गई।

जिला शाखा झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सुभाषचन्द्र मूंड ने बताया कि जयपुर मुख्यालय पर पदस्थापित साथी कर्मचारी सुभाष मेहरा की न्यायिक अधिकारी के आवास पर संदेहास्पद मृत्यु की जांच के संबंध में प्रदेश स्तर पर चल रहे आंदोलन में सम्मिलित होते हुए झुंझुनूं मुख्यालय सहित खेतड़ी, चिड़ावा, पिलानी, बुहाना, सूरजगढ़, उदयपुरवाटी, नवलगढ़ के न्यायिक कर्मचारीगण ने शुक्रवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहकर कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरने पर बैठे तथा जब तक कर्मचारी संघ की मांगें नहीं मान ली जाती, तब तक जिला शाखा झुंझुनूं के कर्मचारीगण सहित संपूर्ण राजस्थान के न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहकर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा मांगें पूरी नहीं होने



राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा झुंझुनूं के बैनर तले प्रदर्शन जारी रहा।

की स्थिति में धरनास्थल पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आंदोलन को तेज करने के लिए प्रभावी निर्णय लिए जाकर आंदोलन को आगे बढाया जाएगा। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा झुंझुनू द्वारा मंगलवार को रैली का आयोजन किया जाएगा।

रैली निकाले जाने के लिए पत्र संघ द्वारा जिला कलेक्टर झुंझुनूं को दिया गया है। कर्मचारी संघ अध्यक्ष द्वारा आगे जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं एवं राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं द्वारा भी उक्त धरने को प्रतिदिन समर्थन दिया जा रहा है तथा अभिभाषक संघ झुंझुनूं द्वारा भी समर्थन किया गया तथा कर्मचारीगण की मांगे मानने के लिए शुक्रवार को भी समस्त अभिभाषकों द्वारा कार्यस्थगन रखा गया तथा न्यायालयों में अपनी उपस्थिति नहीं दी गई।

धरने में धरनास्थल पर बाबूलाल सैनी, ताराचंद सैनी, महेंद्र सिंह, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, रामजीलाल, शीशराम, सुधीर कुमार, संजय मीणा, विक्रम सिंह पूनियां, जितेंद्र कुमार सैनी, सुरेश कुमार पूनियां, सुनील यादव, अशोक जोशी, राजकुमार सैन, धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद रफीक, नरेश कुमार, अरुण सिंह शेखावत, झंडू राम, अमरचंद, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार सैनी, जयवीरसिंह, रविकुमार सैनी, कपिल शर्मा, गिरधारीसिंह शेखावत, गुलजार अली, मुकेश कुमार, राजेंद्र सिंह शेखावत, विकास कुमार, शुभम, सद्दाम हुसैन, विजयपाल, करणपालसिंह और रोहित शर्मा, सुभाषचंद्र सोनी, रामसिंह झाझड़िया, विशाल सुरोलिया, हजारीलाल चंदेल सहित महिला कर्मचारीगण में रजनी चौधरी, निर्मला, अनिता, अंजना यादव, वेद कौर, सुनिता, किरण कुमारी, प्रज्ञा आदि न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यायिक कर्मचारीगण के सामूहिक अवकाश पर रहने एवं अभिभाषक संघ झुंझुनूं द्वारा कार्यस्थगन रखे जाने के कारण न्यायालयों का समस्त कार्य प्रभावित हुआ तथा पक्षकारान को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा। अगर कर्मचारी संघ की मांगे नहीं मानी जाती हैं तो सोमवार 13 दिसंबर को भी धरना जारी रहेगा।